महत्वपूर्ण एवं खास

तेज रफ्तार पीकअप के चपेट में आने से महिला की मौत

गरियाबंद (आरएनएस)। देवभोग के डूमरबहाल गांव में आज एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। महिला घर से तालाब नहाने के लिए निकली थी इसी बीच रास्ते मे एक पिकअप ने उसे कुचल डाला। महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही देवभोग पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पंचनामा कार्रवाई पश्चात पीएम के लिए देवभोग रवाना कर दिया गया है। वही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। देवभोग थाना प्रभारी बसंत बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना आज सुबह की है। गांव की 49 वर्षीय महिला मथुरा बाई नहाने के लिए तालाब जा रही थी इसी बीच रास्ते मे हादसे का शिकार हो गयी। डूमरबहाल का युवक वाहन चला रहा था। पुलिस ने चालक सहित गिरफ्तार कर लिया है।

करेंट की चपेट में आने से मज़दूर की मौत,गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

सरगुजा (आरएनएस)। जिले के ब्लॉक मुख्यालय भैयाथान क्षेत्र के ग्राम पासल में स्थित छत्तीसगढ़ हाइड्रो पावर प्लांट में बिजली करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई है। मृतक का नाम संजय सिंह पावले निवासी पासल का है। मिली जामकारी के मुताबिक, गुरूवार को भैयाथान क्षेत्र के ग्राम पासल में स्थित छत्तीसगढ़ हाइड्रो पावर प्लांट में करेंट के चपेट में आने से एक मजदूर मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ये हादसा काम करने के दौरान हुआ है। मृतक निवासी पासल का नाम संजय सिंह पावले बताया जा रहा है। इस हादसे के बाद ग्रामीण आक्रोश में आ गए हैं। मृतक को न्याय दिलाने के लिए मुआवजे के लिए भैयाथान के मुख्य चौक में बैठकर चक्काजाम कर दिया हैं। धरने में मृतक के परिवार सहित, महिलाएं और क्षेत्र के कांग्रेस भाजपा दोनो पार्टी के नेता सहित लोग सैकड़ो की संख्या में बैठे हुए हैं। इस चक्काजाम के सूचना के बाद आक्रोशित ग्रामीण को शांत कराने के लिए पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है।

सिविल सेवा परीक्षा 2021 के लिए अधिसूचना जारी

रायपुर (आरएनएस)। सिविल सेवा परीक्षा 2021 का अधिसूचना जारी कर दिया है। इस परीक्षा के लिए पंजीयन भी शुरू हो गए है और इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 22 फरवरी 2022 तक पंजीयन कर सकेंगे। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए 02 फरवरी को अधिसूचना जारी किया गया है, वहीं आवेदन की अंतिम तारीख 22 फरवरी है तथा आवेदन वापस 01 से 07 मार्च तक लिए जाएंगे। इसी प्रकार प्रीलिम्स परीक्षा 5 जून को आयोजित की जाएगी, जबकि मुख्य परीक्षा 16 सितंबर को होगी। उम्मीदवार जो सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है।

मनरेगा में 11 लाख गबन के आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

कोडागांव (आरएनएस)। पुलिस ने मनरेगा में लाखों की हेराफेरी करने वाले कायक्रम अधिकारी पोखराज बघेल व उसकी पत्नी दीपिका बघेल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा पत्नी के नाम के फर्जी फर्म को मनरेगा में वेंडर रजिस्टर्ड कर धोखाधड़ी किया गया था। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पासवर्ड चोरी कर फर्जी वेंडर को लाखों रुपए का भुगतना किया गया था। जनवरी 2019 में जनपद सीईओ द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि जनपद कोंडागांव मनरेगा कायक्रम अधिकारी पोखराज बघेल के द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में फर्जी बिल लगाकर 10 लाख 95 हजार रुपए की राशि अपनी पत्नी दीपिका बघेल के नाम फर्म को वेंडर रजिस्टर्ड कर इस फर्म के खातो में भुगतान किया गया है। अपराध पंजीबध्द होने के बाद से आरोपी कायक्रम अधिकारी पोखराज बघेल अपनी पत्नी दीपिका बघेल सहित अपने निवास से फरार हो गया था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

लगातार आत्मसमर्पण से नक्सली जारी कर रहे हैं गुमराह करने वाला प्रेस विज्ञप्ति - आईजी सुंदरराज पी

0 हिड़मा के आत्मसमर्पण को झूठा प्रचार कहना नक्सल संगठन में अविश्वास एवं भ्रम के वातावरण को दर्शाता है

जगदलपुर (आरएनएस)। नक्सलियों के दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की ओर से हिड़मा के आत्मसमर्पण की खबर को झूठा प्रचार कहते हुये जारी प्रेस विज्ञप्ति के संबध में बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने कहा कि माड़वी हिड़मा के आत्मसमर्पण की खबर को पुलिस द्वारा किये जा रहे झूठा प्रचार घोषित करना नक्सलियों के लगातार आत्मसमर्पण से नक्सली संगठन के द्वारा विगत कुछ दिनों से कई विषयों को लेकर गुमराह करने वाले प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है, यह नक्सल संगठन के अंदर वर्तमान में चल रही आपसी घमासान, अविश्वास एवं भ्रम का वातावरण को दर्शाता है। तत्संबंध में वास्तविकता यह है कि 02 फरवरी, 2022 को तेलंगाना राज्य के मुलुगु जिला में नक्सली माड़वी हिड़मा, साकिन टोण्डामरका, जिला सुकमा द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला मुलुगु के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। विगत 09 वर्षों में नक्सली संगठन में सक्रिय आत्मसमर्पित नक्सली माड़वी हिड़मा से लगातार पूछताछ जारी है।

बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने बताया गया कि आत्मसमर्पित माओवादी कैडर माड़वी हिड़मा द्वारा बताया गया कि जब वह 15 वर्ष की आयु में था उस समय नक्सल कमाण्डर दुती कोसा द्वारा नक्सल संगठन में भर्ती की जाकर विगत 09 वर्षों से दक्षिण बस्तर डिवीजन क्षेत्र के टोण्डामरका, कसालपाड़, एलमागुण्डा, गुण्डराजपाड़ इत्यादि ईलाका में सक्रिय रहा तथा इस दौरान बुरकापाल आईईडी ब्लास्ट, पालोदी आईईडी ब्लास्ट, निमलगुड़ा, ईरापल्ली मुठभेड़ में शामिल रहने की बात स्वीकार किया है।

नक्सलियों की प्रेस विज्ञप्ति में सरकार के मनोवैज्ञानिक युद्ध के संबंध में नक्सली प्रवक्ता द्वारा उल्लेख की गई बिन्दु पर प्रतिक्रिया देते हुये बस्तर आईजी ने बताया कि नक्सलियों का हिंसात्मक एवं नकारात्मक चेहरा बेनकाब होने से नक्सली नेतृत्व के मानसिक संतुलन में विपरीत असर पड़ा है। वर्तमान में दिशाविहीन एवं नेतृत्वविहीन हो चुके नक्सली संगठन के द्वारा सिर्फ आतंक एवं झूठा प्रचार के सहारे अपने संगठन को बचाकर रखने का असफल प्रयास किया जा रहा है। लेकिन जनाधार हो चुके नक्सली संगठन का खात्मा अतिशीघ्र होगा।

नक्सलियों ने एक टिप्पर वाहन को किया आग के हवाले

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के कुटरू थाना क्षेत्र अंर्तगत बरगापारा भैंसा बाड़ी के पास आज सुबह 07 बजे सडक़ निर्माण के लिए गिट्टी लेकर जा रही एक टिप्पर को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। इस आगजनी की घटना में टिप्पर वाहन पूरी तरह से जल कर खाख हो गई है। इसकी पुष्टि एएसपी पंकज शुक्ला ने करते हुए बताया कि कुटरू पुलिस मौके पर पहुंच गई है, इलाके की सर्चिंग जारी है। उल्लेखनिय है कि जिले में नक्सलियों के कमजोर पडने और अपने कोर एरिया तक सिमटने के चलते बड़ी वारदातों को अंजाम देने में सफल नही हो पा रहे हैं, नक्सली अब अपनी मौजूदगी और दहशत का माहौल बनाये रखने के लिए विगत कुछ दिनों से नई रणनीति के तहत ग्रामीणों की हत्या या सबसे आसान शिकार वाहनों की आगजनी को अंजाम देने का मौका मिलते ही अंजाम देते हैं। विदित हो कि कल भी नक्सलियों ने पामेड़ से लगे चिंतावागु नदी में मिट्टी जांच करने वाली मशीन को आग के हवाले किया था।

छह मुस्लिम परिवार ने थामा भाजपा का दामन

0 39 लोगों के द्वारा भाजपा की सदस्यता लेने से कांग्रेस को होगा नुकसान

नारायणपुर (आरएनएस)। नारायणपुर के रूरूर चंदन कश्यप पर अशोभनीय टिप्पणी करने के बाद माफी मांगने वाले मुस्लिम युवक के खिलाफ पुलिस थाने में मामला बनाये जाने और परिवार के सदस्यों को पुलिसिया रौब दिखाए जाने से मुस्लिम समाज के छह परिवार के 39 लोगों ने भाजपा का दामन थामकर कांग्रेसी नेताओं को सबक सिखाने की बात कही है। भाजपा की सदस्यता लेने वाले मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा है कि भरण्डा के जंगल में मुठभेड़ के दौरान युवक की मौत हो जाने की घटना के बीच विधायक चंदन कश्यप के द्वारा शहर में घूमकर जन्मदिन मनाया गया और पीड़ित परिवार से मिलने की जरूरत भी नहीं समझा गया। इसे लेकर फेसबुक में आलोचना सभी लोग कर रहे थे इसी दौरान पीड़ित परिवार के दर्द को समझकर भावनाओं में आकर रियाज कुरैशी ने टिप्पणी कर दिया। जिसे लेकर जब रियाज से उनकी भाषाशैली को लेकर एतराज जताया गया तो उन्होंने सभी लोगों से माफी मांगते हुए वह कमेंट्स डिलीट कर दिया। मामला सुलझ जाने के बाद कांग्रेस के कुछ तथाकथित बड़े नेताओं के द्वारा सत्ता का नशा दिखाते हुए पुलिस पर दबाव बनाया गया। जिसके बाद पुलिस के द्वारा युवक के घर में दबिश दी गई और उनके भाई को थाने में बुलाया गया। पुलिसिया दखल बढऩे के बाद रियाज कुरैशी को थाने में बिठाकर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान भाजपा नेता थाने में आए और बिना आवेदन युवक को थाने में बिठाने का आरोप लगाने लगे।

मामला बढ़ता देख पुलिस ने कांग्रेसी नेताओं को एफआईआर कराने के लिए थाने बुलाया। जिसके बाद एक वाहन में सवार होकर कांग्रेसी नेता थाने पहुँचे और आवेदन देकर वहाँ कथन दर्ज कराया। इस दौरान थाने के बाहर धरने में बैठे भाजपाई जुआ,सट्टा और शराब को लेकर लामबंद हो गए। भाजपाइयों के द्वारा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ हल्ला बोलने के बाद पुलिस की उलझन बढऩे लगी। थाने के सामने तीन घंटे की हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद कोतवाली पुलिस रियाज का बयान लेकर उसे रिहा कर दिया। इस मामले के बाद मुस्लिम समाज के छह परिवार के 39 सदस्य बहुत आहत हुए है। जिसके बाद उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली है।

कांग्रेस के नेताओं का नजरिया बदल गया-फिरोज - सत्ता में आते ही कांग्रेसी नेताओं का मुस्लिम समाज के प्रति नजरिया बदल गया है। पार्टी के कुछ लोग अपने आप को सबसे बड़ा नेता मानने लगे हैं। चुनाव के दौरान जो वादे किए गए थे उसे पूरा करने में विधायक और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नाकाम रहे हैं। मुस्लिम समाज का अध्यक्ष होने के नाते मैं अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा था इस वजह से मैंने कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश संयोजक के पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसके बाद भाजपा की सदस्यता ली है।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया 5 को आयेंगे छग प्रवास पर

0- केंद्रीय बजट-2022 संगोष्ठी कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर, (आरएनएस)। नागरिक उड्डयन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। वे यहां 5 फरवरी को एक दिवसीय प्रवस पर रहेंगे।

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया अपने एक दिवसीय प्रवास पर शनिवार 5 फरवरी को प्रात: 11 बजे राजधानी रायपुर विमानतल पहुंचेंगे। विमानतल से वे सडक़ मार्ग से भाजपा प्रदेश कार्यालय 11:20 को पहुंचेंगे, दोपहर 12:00 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात वे होटल बेबीलान इन जेल रोड में दोपहर 2:15 बजे केंद्रीय बजट-2022 संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के छत्तीसगढ़ प्रवास कार्यक्रम का प्रभारी भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी को बनाया गया हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया शाम 5:00 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

जबड़ापारा हत्याकांड : आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। मामूली बात पर चाकू मारकर युवक की हत्या करने वाला नाबालिग रायपुर में जाकर छिप गया। आठ घंटे की मेहनत के बाद पुलिस ने आरोपित को रायपुर के मौदहापारा में घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसके साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू जब्त कर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है। सरकंडा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि जबड़ापारा में रहने वाला राजेंद्र केंवट(29) बुधवार को रिश्तेदार के दशगात्र में शामिल होने चांटीडीह गए थे। रात आठ बजे कार्यक्रम निपटा कर वे रिश्तेदारों के साथ घर के पास ही नदी में बन रही सडक़ पर टहलने के लिए गए थे। इस बीच चांटीडीह में रहने वाला नाबालिग और उसका साथी आवेश कुरैशी वहां आया। उसने नदी किनारे खड़े राजेंद्र और उसके साथ आए लोगों से गाली-गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर आवेश और नाबालिग मारपीट पर उतारू हो गए। इस बीच राजेंद्र की मां लक्ष्मन बाई भी वहां आ गई। महिला अपने बेटे को वहां से खींचकर ले जाने लगी। इसी बीच नाबालिग ने राजेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। घायल राजेंद्र वहीं पर गिर गया। उसे मां और भाई सिम्स ले गए। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी। पूछताछ में पता चला कि आरोपित नाबालिग रायपुर में जाकर छिप गया है। इस पर पुलिस ने रायपुर के मौदहापारा में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। वहीं, उसके साथ आवेश को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और उसकी बाइक को जब्त किया गया है।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण दर 3 प्रतिशत कम हुई

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण दर 03 प्रतिशत कम हो गई है, हालांकि मौतों का सिलसिला अभी भी जारी है। गुरूवार को 12 संक्रमितों की मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग से मिले बीते एक हफ्ते के आंकड़ों को देखें तो 28 जनवरी की स्थिति में छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण दर 8.24 थी, वहीं 03 फरवरी के आंकड़ों में संक्रमण दर 5.87 रही। हफ्ते भर पहले प्रदेश में 11 संक्रमितों की मौत हुई थी। वहीं पिछले 24 घंटे में 12 संक्रमितों की जान जा चुकी है। इसी प्रकार वैक्सीनेशन की बात करें तो छग में 15 से 18 साल के 60 प्रतिशत किशोरों का वैक्सीनेशन हो चुका है। अब तक 9.83 लाख बच्चों को टीका लगाया जा चुका है। 03 जनवरी से इस वर्ग के बच्चों को टीका लगाने की शुरूआत की गई थी।

कोरिया और मुंगेली जिले में तीन चौथाई से ज्यादा किशोरों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जिसमें कोरिया में 79 प्रतिशत और मुंगेली में 75 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण पूरा हो चुका है। प्रदेश के 11 जिले 60 प्रतिशत से ज्यादा किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लग चुका है। इनमें कोरिया, मुंगेली, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग और कांकेर शामिल हैं। बिलासपुर जिले की बात करें तो यहां टीकाकरण अभियान को लेकर फिर से तेजी आई है। यहां 15 से 17 साल के बच्चों में टीकाकरण को लेकर उत्साह है। इन्हें दूसरा डोज लगना भी शुरू हो गया है। शहर में वैक्सीनेशन के आंकड़े भी बढऩे लगे हैं। गुरुवार को भी शहर में दिन भर में 15 हजार से ज्यादा लोगों वैक्सीन लगाई गई है।

विवाह आयोजन एवं अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर सभी आयोजनों में जनसमुदाय का एक स्थान पर एकत्रित होना पूर्णत: प्रतिबंध

0-हॉल, जिम, सिनेमाघर, होटल, ऑडिटोरियम, स्वीमिंग पूल एक तिहाई क्षमता के साथ संचालित करने की अनुमति

0-स्कूल, ऑगनबाड़ी, आश्रम-छात्रावास पूर्व की भॉति संचालित होंगे

महासमुन्द (आरएनएस)। वर्तमान में कोविड-19 प्रकरणों में कमी दर्ज करने के फलस्वरूप सार्वजनकि गतिविधियों पर अधिरोपित प्रतिबंधों में छूट प्रदान तथा आवागमन एवं कुछ गतिविधियों पर युक्तियुक्त प्रतिबंध अधिरोपित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने आदेश जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिला महामसुंद राजस्व सीमा अंतर्गत किसी भी प्रकार के आयोजन, रैली, सामाजिक विवाह आयोजन एवं अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोडक़र, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं खेल-कूद आदि का आयोजन व जनसमुदाय का एक स्थान पर एकत्रित होना पूर्णत: प्रतिबंध होगा। सभी हॉल, होलसेल दुकानें, जिम, सिनेमाघर, होटल, रेस्टोरेंट्स, स्वीमिंग पूल, ऑडिटोरियम, मैरिज हॉल एवं अन्य आयोजन स्थलों को आगामी आदेश तक एक तिहाई क्षमता के साथ संचालित करने की अनुमति है। जिले के रेलवे स्टेशन पर बाहर से आने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन पहुंचने पर एवं दूसरे राज्यों से जिले में प्रवेश करने वाले आगन्तुकों की सीमा नाके पर रेंडम जांच के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। विदेश से आने वाले नागरिक की सूचना निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र, जिला कंट्रोल रूम एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी को आवश्यक रूप से देंगे। समस्त विभाग यह सुनिश्चित करें कि आगामी आदेश तक अनावश्यक बैठक का आयोजन न करें। आवश्यक होने पर सीमित संख्या में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अथवा वीडियो कांन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित करें। सभी दुकान संचालक एवं ग्राहकों को मास्क का उपयोग करना, कार्यरत कर्मचारियों एवं ग्राहकों के उपयोग के लिए सैनिटाइजर रखना, दुकान के बाहर फिजिकल डिस्टेंस बनाए रखने हेतु दो गज की दूरी पर गोल निशान बनाकर चिन्हांकित करना अनिवार्य है। उल्लंघन किए जाने पर संबंधित क्षेत्र के नगरीय निकाय के अधिकारी, पुलिस विभाग के सहयोग से चालानी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में लगेंगे फूड प्रोसेसिंग यूनिट, ग्रामीणों को मिलेगा स्वरोजगार

कलेक्टर साहू ने कार्य योजना बनाने अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

कोरबा (आरएनएस)। जिले के ग्रामीणो को स्वरोजगार से जोडऩे विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फल-सब्जियों के संरक्षण एवं उससे विभिन्न उत्पाद बनाने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में अधिकारियों को इसके लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने फूड प्रोसेसिंग यूनिट के लिए फल-सब्जियों का चयन करने और उससे बनाए जा सकने वाले उत्पादों के बारे में विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के निर्देश कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्रीमती साहू ने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में बनाने जाने वाले उत्पादों की विशेष ब्रांडिंग और आकर्षक पैकेजिंग के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर के खाद्य सामाग्रियों को बढ़ावा देने के लिए आलू चिप्स, मुर्रा निर्माण, महुवा केंडी, आइस्क्रीम निर्माण, बनाना चिप्स सहित जामुन, आम से बनने वाले विभिन्न उत्पादों की निर्माण ईकाई रिपा क्षेत्र में स्थापित करने कार्ययोजना बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रिपा क्षेत्र में छोटे-छोटे निर्माण ईकाई लगने से स्थानीय ग्रामीणों को स्वरोजगार मिलेगा जिससे उनको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। वर्चुअल रूप से आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कंवर, सभी जनपदों के सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती साहू ने जिला पंचायत के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा, गोधन न्याय योजना, नरवा विकास योजना, पीएम आवास योजना, स्व-सहायता समूह गठन सहित स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे शौचालय निर्माण आदि की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्रीमती साहू ने मनरेगा के कार्यो की समीक्षा के दौरान मानव दिवस में सप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कोरबा और करतला विकासखंड में मनरेगा के कार्यो में गति तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के एपीओ को रोजगार सहायक और तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर मनरेगा के कामों में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को लक्ष्यानुसार रोजगार देने के निर्देश भी एपीओ को दिए। कलेक्टर ने बैठक में गौठानों मे विकसित किए जा रहे चारागाहों के निर्माण कार्यो में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नरवा विकास के तहत नरवा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए गए विकास कार्यो की जानकारी अद्यतन फोटोग्राफ्स के साथ प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत जिले में गोबर खरीदी की भी समीक्षा की।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU